आई क्रिएट (i Create)

हाल ही में इजरायली प्रधानमंत्री के भारत आगमन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी एवं अतिथि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अहमदाबाद में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एंटरप्रन्योरशिप और टेक्नॉलॉजी (i create) का शुभारंभ किया। इस संस्थान को उद्देश्य नवाचार से जुड़े उद्यमियों को वित्तीय सहायता, संरक्षक एवं तकनीक प्रदान करना है।

आई क्रिएट क्या है?

यह गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और गुजरात एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेन्चर प्रमोशन फांऊन्डेशन का संयुक्त उपक्रम है। यह 'स्टार्ट-अप' योजना को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया एक स्वतंत्र संस्थान है। इस संस्थान का लक्ष्य नवाचार और सृजनशील विचारों वाले उद्यमियों को सहायता प्रदान करना है।

कोटक महिन्द्रा, तथा इंफोसिस जैसे अलग-अलग क्षेत्रों के उद्यमी इस योजना से जुड़े हुए हैं।

कार्य-प्रणाली

इस संस्थान में नए उद्यमियों को 13 सप्ताह के कार्यक्रम में, कौशल और साधन सम्पन्न किया जाता है। प्रशिक्षण के अंत में उद्यमियों को अपने विचारों को कार्य योजना में परिणत करने का अवसर दिया जाता है। सभी प्रस्तावों पर एक स्वतंत्र पैनल विचार करता है। कुछ सार्थक योजनाओं को 50,000 रुपये तक की निधि दी जाती है।

आई क्रिएट में विद्यार्थी, उद्यमी, व्यवसायी, छोटे स्तर के व्यापारी भागीदारी कर सकते हैं।

नवाचार एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) में शुरू किया गया यह प्रयास सराहनीय है। इस मंच के माध्यम से नए विचारों एवं सृजनात्मकता से भरपूर उन युवाओं को बढ़ाया मिल सकेगा, जो साधनों की कमी के कारण पिछड़ जाते हैं, और नवाचार को मूर्त रूप नहीं दे पाते।

विभिन्न स्रोतों पर आधारित।